INDEX

S.No	UNIT-I	PAGE NO.	SIGN.
1	Meaning and Concept of "Art" and "Art in Education"	Page No → 01	
2.	Understanding Aesthetics and it's education Relevance	Page No → 07	
3.	Art → (Visual and Performing)	Page No → 09	
4.	Drama	Page No → 10	
5.	Drama and Art as Pedagogy of Learning and Development	Page No → 11	
6.	Drama and Art Importance in Teaching-Learning	Page No → 13	
7.	Art and Drama in Different Subject at School Level	page No → 15	
8.	Range of Art Activity in Drama	page No → 18	
9.	Experiencing, Responding, and Appreciating Drama	page No → 20	
10.	Exposure to selective Basic Skills Required for Drama	Page No → 22	
11.	Drama; facilitating interest among Students planning and implementing Activities	page No → 24	
12.	Enhancing learning through Drama for Children with and without their Special Needs - Strategies and Adaptations	page No → 26	
	UNIT-II		
13.	Media and Electronic Arts	page No → 29	
14.	Range of Art Activities in Media and Electronic Art forms	page No → 30	
15.	Experiencing, Responding and Appreciating media and electronic Arts	page No → 31	
16.	Media and electronic art; facilitating interest among Students, planning and implementing activities	page No → 33	

To be Continued....

Scanned with CamScanner

S.NO.	TOPIC.	PAGE NO.	SIGN.
17.	Enhancing Learning through media and electronic art forms for children with and without Special Needs ; Strategies and Adaptation	page No → 35	
	OTHER		
18.	Dance → Kuchipudi dance → Manipuri dance → Odissi dance → Kathakali dance → Kathak dance	page No → 39 Page No → 40 page No → 41 page No → 41 page No → 42 page No → 43	
19.	Alphabets (A to Z)		
20.	Countings (1 to 10)		
21.	वर्णमाला ('अ' से 'ज्ञ' तक)		
22.	Paintings ☆ Pencil Colour Art ☆ Best out of waste painting ☆ Sea Painting ☆ Dry Colour painting ☆ Nature painting ☆ Woolen Art ☆ Coffee painting ☆ pencil Sketch painting ☆ Glass painting ☆ water Colour painting		

Scanned with CamScanner

Acknowledgement

I would like to express my special thanks of gratitude to my teacher__ for their able guidance and support in completing my project.

I would also like to extend my gratitude to the Principal ___ for providing me with all the facility that was required.

Date :

Student Name

Scanned with CamScanner

Assisgnment :

Date

Meaning and Concept of "Art" and "Art in education"

Meaning :-

कला दृश्य, श्रव्य एवं प्रदर्शनात्मक गतिविधि की एक विविध श्रेणी है, जो कलाकार के मौलिक विचारों, भावों, दृष्टिकोणों या दूसरे शब्दों में कहें तो उसके आत्म का मौलिक दर्पण अथवा प्रतिबिंम्ब है।

Concept :-

कला का संप्रत्यय किसी दृष्टांत के माध्यम से कलाकार के विचारों व भावों की अशाब्दिक, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है, जिसे वह कला के विभिन्न माध्यमों /रूपों से प्रदर्शित करता है।

कला के संप्रत्यय के तहत "कला एक तरह का संप्रेषण है।" जहाँ कोई कलाकार प्रेषक की भूमिका निभाते हुए कला के विभिन्न माध्यमों के द्वारा अपने विचारों को ग्राहकता तक पहुंचाता है और ग्राहकता का हस्तपोषण जब तक प्रेषक को न मिल जाए वह सम्प्रेषण अधूरा रहता है। अर्थात् कला एवं सम्प्रेषण की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि कलाकार के विचार व भाव जो कला के माध्यम में संचित है वह दर्शक तक पहुँचे।

Pringle Classic

Teacher's Sign.

Scanned with CamScanner

Art Concept in Education

Art as a Subject in Education

Like...

- Drawing
- Supw
- Fine arts

etc...

Teaching is an Art

Like...

- A teacher should be a good communicator
- The teacher is an Artist.
- Creativity.

etc...

Scanned with CamScanner

Art Concept in Education :-

कला का शिक्षा के साथ दोहरा संबंध है। एक ओर,
1) कला एक विषय के रूप में शिक्षा का एक हिस्सा है। दूसरी ओर
2) शिक्षण स्वयं एक कला है।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो, आज की "बाल केंद्रित" शिक्षा के अंतर्गत तमाम मनोवैज्ञानिक शिक्षण विधियाँ, सिद्धांत आदि जो शिक्षण को अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु विद्वानों द्वारा पेश किए गए अपने आप में शिक्षण की कला है। जो 'बाल केंद्रित शिक्षा' के उद्देश्य की सफलता के लिए प्रयास करती है।

इसके अनुसार शिक्षक एक कलाकार है जो शिक्षक की भूमिका निभा रहा है और विभिन्न प्रभावशाली बाल केंद्रित विधियों व तरीकों अथवा माध्यमों के द्वारा उसे प्राप्तकर्ता अर्थात विद्यार्थियों तक पहुँचाता है। और फिर विद्यार्थियों से मिलने वाली प्रतिपुष्टि ही शिक्षण अथवा शिक्षण रूपी कला की सफलता का साक्ष्य है।

अतः अध्यापक व विद्यार्थियों के बीच निरंतर चलने वाली अंतःक्रिया ही शिक्षण है जिसे कला के विभिन्न रूपों अर्थात दृश्य-श्रव्य सामग्री तथा शिक्षण विधियों के माध्यम से प्रभावशाली बनाया जाता है।

कला में शिक्षा :-

कला स्वयं शिक्षा का एक विषय है, एक हिस्सा है। जिसमें - नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला, हो या फिर चलचित्र बनाना आदि उपविषयों को 'कला' नामक विस्तृत विषय के अधीन शामिल किया जाता है।

प्राथमिक स्तर से ही कला को एक विषय के रूप में छात्रों को पढ़ाया जाता है और यह विषय उच्च स्तर तक बना रह सकता है। यहाँ तक कि, उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी कला के अधीन शामिल तमाम विषयों पर विश्वविद्यालय की ओर से विविध कार्स, डिप्लोमा व डिग्रीयों के अवसर खोले हुए हैं।

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

शिक्षण बनाम कला :-

शिक्षण एक कला है जिसका आधार मनोविज्ञान है, क्योंकि कोई भी शिक्षण तब तक शिक्षण नहीं है जब तक वह विद्यार्थियों के व्यवहार में वांछित परिवर्तन न ला सके और शिक्षण के उद्देश्यों को प्राप्त न कर सके।

इसीलिए शिक्षण एक ऐसी कला एक ऐसा कौशल है जिसके लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता तो ठीक उसी प्रकार है जैसे किसी अन्य कला के साथ ही विद्यार्थियों के मनोविज्ञान, स्तर व आवश्यकताओं की भी भरपूर जानकारी होनी चाहिए। साथ ही शिक्षण रूपी कला किसी अध्यापक के व्यक्तिगत प्रयासों व तरीकों पर भी उतनी ही निर्भर करती है जितनी किसी मनोवैज्ञानिक विधि पर और इसी प्रकार... किसी अध्यापक का शिक्षण उसकी वह कला है जो उसके प्रशिक्षण से प्रभावित होकर विद्यार्थियों के साथ अंतः क्रिया व सम्प्रेषण को अर्थपूर्ण बनाती है

Art and education :-

प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर तक शिक्षा में कला व कला में शिक्षा की प्रक्रिया क्रमशः विद्यार्थियों की ओर से और शिक्षक की ओर से निरंतर चलती ही रहती है। परंतु कला की प्रकृति व स्वरूप क्या होगा यह विद्यार्थियों के स्तर व मनोविज्ञान पर निर्भर करता है जैसे :-

प्राथमिक स्तर पर :-

प्राथमिक स्तर पर कला का योगदान दृश्य-श्रव्य सामग्री व स्पर्श सामग्री के रूप में विद्यार्थियों की ज्ञानेन्द्रियों को प्रभावित करने, उन्हें प्रत्यक्षीकरण करने योग्य बनाने व मानसिक को सक्रिय बनाने हेतु किया जाता है।

माध्यमिक व उच्च स्तर -

माध्यमिक व उच्च स्तर पर कला अधिगम का एक हिस्सा बन जाता है, जहाँ एक ओर कला एक विषय, प्रतियोगिता (Drawing Competition) व सहयोग

Scanned with CamScanner



Site Visit for actual art.

Historical Sites - Lal. kila, Taj Mahal, India Gate. etc...
Geographical Sites - Mountains, rivers, Grounds. etc...
Political icons - Sarnath icon, India Gate. etc..

Artificial artistic models.

Globe, Map, paintings, Models, iconography, Animation, Sculptures etc..

practicle works.

Science practicle, Map making, Model Making, chart Making, drawing etc...

Scanned with CamScanner

(plays in Classroom) के रूप में जगह लेती है। वही Audio-visual Aid के रूप में अधिगम हेतु सहायक सामग्री के रूप में भी स्थान ग्रहण करती है।

माध्यमिक शिक्षा में कला की भूमिका :-

माध्यमिक स्तर पर कला की भूमिका प्रमुखता से सामाजिक विज्ञान के विषयों के शिक्षण अधिगम में होती है, क्योंकि भाषा, गणित, विज्ञान आदि विषयों में भी आंशिक रूप से कला महत्व रखती ही है। कला के शिक्षा में भूमिका को दो तरह से समझा जा सकता है।-

1. **वास्तविक कलात्मक नमूने :-**

विभिन्न विषयों से संबंधित वास्तविक कलात्मक नमूने इस श्रेणी में आते हैं जैसे - ऐतिहासिक स्थल, राजनीतिक इमारतें, भौगोलिक क्षेत्र आदि जो विद्यार्थियों के समक्ष पेश न कर विद्यार्थियों को इन वास्तविक नमूनों तक लाया जाता है।

2. **कृत्रिम कलात्मक नमूने व सामग्री :-**

सामाजिक विज्ञान हो या बाकी विषय जिन वास्तविक कला के नमूनों को कक्षा तक लाना संभव नहीं होता या अधिक खर्चीला होता है उनके कृत्रिम नमूनों मानचित्र, ग्लोब, चित्र, मॉडल, चलचित्र, व मिट्टी तथा पत्थर के नमूने इसमें शामिल हैं जिन्हें कक्षा में अधिगम को सरल, रुचिकर व स्पष्ट बनाने के लिए प्रयोग में लाया जाता है।

इसी प्रकार अंग्रेजी व हिंदी जैसे विषयों में संवाद अर्थात् नाटक के रूप में ढाले जा सकने वाले पाठों, कहानियों आदि को कक्षा में प्रदर्शनात्मक कला अर्थात् नाटक के माध्यम से पेश कर ज्ञानेन्द्रियों से मस्तिष्क तक पहुंचाया जाता है। और अधिगम को प्रभावित किया जाता है।

माध्यमिक स्तर पर कला का प्रभाव :-

कला व शिक्षा के इस अनूठे संबंध के प्रभाव को विभिन्न रूपों में देखा जा

Scanned with CamScanner

Charts

Wall posters

Art Activities

Classroom decoration

Educational paintings on Walls

Attractive Notice Board

freedom fighter's paintings on corridor wall

Well Organised School Building

Scanned with CamScanner

सकता है।:-

- शिक्षण को प्रभावशाली बनाता है।
- अधिगम को प्रभावशाली बनाता है।
- अधिगम को स्थाई बनाता है।
- अधिगम को स्पष्ट बनाता है।
- अधिगम को प्रत्यक्ष बनाता है।
- अधिगम को रोचक बनाता है।
- अधिगम को मनोरंजक बनाता है।
- शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को मनोवैज्ञानिक बनाता है।
- शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में एक उद्दीपक की भाँती कार्य करता है।
- शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सहायक-सामग्री की भाँती है।
- कक्षा के वातावरण को जीवंत बनाने में सहायक है।
- विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास में सहायक है।
- सभी विषयों की पूर्णतः, आंशत व आंशिक रूप से सहायक सामग्री है।

विद्यालय एंव शिक्षा :-

कला का विद्यालय के साथ गहरा संबंध है जहाँ एक ओर कला विद्यालय को प्रभावित करती है वहीं इसकी ओर विद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रभावित करती है।-

1 विद्यालय पर प्रभाव :-

कला का कोई भी रूप हो- चित्रकला, मृतिकला या वास्तुकला विद्यालय को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जहाँ स्वयं विद्यालय की इमारत वास्तुकला से प्रभावित है वही मृतिकला विद्यालय के भीतर सज्जावटी व आवश्यकता की दृष्टि से देखी जा सकती है जैसे- गाँधी जी, अम्बेडकर जी, नेहरू जी जैसे तमाम आदर्श व्यक्तियों की मूर्तियां विद्यालयों में लगने से विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना का विकास होता है। तीसरा, चित्रकला या रेखाचित्र सज्जावट, प्रेरणास्रोत, नैतिक व सामाजिक दृष्टि से जगह-जगह लगाने से विद्यालय की शोभा व विद्यार्थियों

Scanned with CamScanner

की रुचि व आकर्षण बनाती है।

2. विद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों पर प्रभाव :-

विद्यालय के माध्यम से कला विद्यार्थियों को भी प्रभावित करती है जैसे।

- विद्यालय मे होने वाले नृत्य प्रतियोगिताऐं।
- विद्यालय मे होने वाली चित्रकला प्रतियोगिताऐं।
- विद्यालय मे होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम।
- विद्यालय मे लगे चित्र, रेखाचित्र, मूर्तियाँ आदि जो विद्यार्थियों के लिए उद्दीपक का कार्य करती हों।
- विद्यालय द्वारा प्रस्तावित कला के विषय।
- विद्यालय द्वारा छपवाई जाने वाली पत्रिकाऐं।

उपरोक्त गतिविधियों मे विद्यालय के छात्र बढ़चढ़ कर भाग लेते है और तमाम प्रतियोगिताओं मे कला मुख्य केंद्र के रूप मे होता है और विद्यार्थियों को प्रभावित करता है।

Scanned with CamScanner

Aesthetics

सौन्दर्यशास्त्र से अभिप्राय है, सौन्दर्य का दर्शन व कला का अध्ययन। सौन्दर्यशास्त्र व्यक्ति व उसकी ज्ञानेन्द्रियों को प्रभावित करता है और उसके भावों से संबंध स्थापित करता है।



Scanned with CamScanner

Understanding Aesthetics and it's education Relevance

Meaning :-

सौन्दर्यशास्त्र से तात्पर्य है सौन्दर्य का अध्ययन व कला का दर्शन। अर्थात् एक ऐसा अध्ययन जहां व्यक्ति कला के अर्थ, महत्व व उद्देश्यों को तो समझता ही है साथ ही उसका सौन्दर्य की अनुभूति भी करता है।

एक तरह से कहा जा सकता है, कि सौन्दर्यशास्त्र व्यक्ति, उसकी ज्ञानेन्द्रियों व उसके भावों के बीच संबंध स्थापित कर मस्तिष्क को प्रभावित करने का माध्यम है जिसमें :-

Visual - जिसे देखने से आंखे प्रभावित होकर सौन्दर्य का आभास करती है। (आंखे)

Tactile - जिसे छूने से उसके सौन्दर्य की अनुभूति हो। (त्वचा)

Auditory - जिसकी आवाज कानों के माध्यम से व्यक्ति को सौंदर्य का आभास करवाए। (कान)

Olfactory - जिसकी सुगंध से उसके सौंदर्य की अनुभूति हो। (नाक)

Role of Aesthetics in education :-

शिक्षा के संदर्भ में सौंदर्यशास्त्र की बात की जाए तो, कहा जा सकता है कि सौन्दर्यशास्त्र से तात्पर्य है उस अधिगम से जो विद्यार्थियों की ज्ञानेंद्रियों को उस प्रकार प्रभावित करे कि सीखना उनके लिए मनोरंजक व सरल बन जाए। इस प्रकार का अधिगम विद्यार्थियों के लिए रुचिकर व स्पष्ट अधिगम होता है।

Scanned with CamScanner

शिक्षा के क्षेत्र में दृश्य - श्रव्य सामग्री को इस श्रेणी में डाला जा सकता है। अर्थात् प्रत्येक वह चीज जो विद्यार्थी की ज्ञानेन्द्रियों को प्रभावित करते हुए उसके अधिगम को प्रभावित करती है सकारात्मक रूप से। वह सौन्दर्यात्मकता का स्वरूप है।

Steps for aesthetics learning:-

आधिगम के सौन्दर्यात्मक पक्ष की प्रभावपूर्ण सफलता के लिए कुछ सोपानों का अनुसरण करना जरूरी हो जाता है जैसे :-

(I) **सौन्दर्य की पहचान** :- जब विद्यार्थी ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से किसी सौन्दर्यात्मक अनुदेशनात्मक सामग्री व उद्दीपक का प्रत्यक्षीकरण करता है।

(II) **सौन्दर्य का अनुभव** :- जब विद्यार्थी उस सौन्दर्यात्मक, अनुदेशनात्मक सामग्री व उद्दीपक से उसके भाव, विचार आदि ग्रहण कर कुछ सीखता है वह उसका अनुभव बन जाता है।

(III) **रचनात्मक क्षमताएं** :- उपरोक्त सोपान के फलस्वरूप विद्यार्थी में कुछ रचनात्मक क्षमता का संचयन होता है, जो एक तरह से विद्यार्थी के सौन्दर्यात्मक अधिगम के प्रतिबिंब के रूप में होता है।

(IV) **सौन्दर्यशास्त्रिय गुणों का मूल्यांकन** :- अन्त में विद्यार्थी के सौन्दर्यात्मक आधिगम व रचनात्मक क्षमता का मूल्यांकन होता है जो उसके सौन्दर्यशास्त्रिय गुणों व किसी सौन्दर्यात्मक सामग्री से सौन्दर्य के गुणों को ग्रहण करने की क्षमता का मूल्यांकन होता है।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Art → (Visual & Performing)

कला किसी व्यक्ति के मौलिक भावों, विचारों, दृष्टिकोण का सृजनात्मक निर्माण कहा जा सकता है, जिसमें Visual, Audio and Performing art को शामिल किया जा सकता है।

Visual Art :-

Visual art से अभिप्राय ऐसी कला से है, जो सीधे आँखों को प्रभावित करती है। इसमें मुख्यतः-

- ☆ Fine art
- ☆ drawing
- ☆ Sketching
- ☆ Sculpture
- ☆ painting
- ☆ computer graphics
- ☆ animation (Silent) आदि को शामिल किया जा सकता है।

Performing Art :-

Performing Art से अभिप्राय ऐसी कला से है जो सीधे आँखों को प्रभावित तो करती ही है साथ ही इसे कभी-कभी सुना भी जा सकता है। इसमें मुख्यतः

- ☆ Dance
- ☆ Music
- ☆ puppet show
- ☆ Drama आदि को शामिल किया जा सकता है।

Pringle Classic
Teacher's Sign.
Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Drama

Drama performing art का ऐसा अंश है जो संवाद व प्रदर्शन के माध्यम से काल्पनिक प्रतिनिधित्व का एक तरीका है। नाटक किसी कहानी को संवाद में तब्दील कर उसका प्रदर्शन करने की प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से कई पात्र अपने सहयोग के द्वारा किसी विचार, भाव आदि को दर्शकों तक पहुँचाने का प्रयास करते हैं और इसके लेखक को Dramatist या Playwright कहा जाता है।

Drama की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है कि, इसे पढ़ने के लिए नहीं लिखा जाता अपितु प्रदर्शन करने के लिखा जाता है।

Types of drama :-

(I) **Comedy :-** Comedy drama टोन में काफी हल्के, हमेशा सुखमय होते हैं और इसमें Dramatist का उद्देश्य दर्शकों को हँसाना होता है।

(II) **Tragedy :-** Tragedy drama में विषय हमेशा दर्द, दुख व आपदा जैसे मुद्दों से जुड़े होते हैं जो दर्शकों को भावात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

(III) **Farce :-** Farce drama मुख्यतः बेतुकी परिस्थितियों से परिपूर्ण हास्यजनक नाटक होते हैं।

(IV) **Melodrama :-** Melodrama सीधे तौर पर दर्शकों की ज्ञानेन्द्रियों को प्रभावित करता है।

(V) **Musical Drama :-** Musical Drama में dramatist संवाद व प्रदर्शन के माध्यम से केवल कहानी ही नहीं बताता बल्कि उसे संगीत व नृत्य के साथ पेश किया जाता है।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Assisgnment : Date

Drama and Art as pedagogy of Learning and Development

Dawson and Lee ने 2016 में कहा कि Drama Based Pedagogy (DBP) के तहत पाठ्यक्रम के सभी क्षेत्रों में सौन्दर्य व अर्थनिर्माण के द्वारा ज्ञानात्मक, भावात्मक व क्रियात्मक पक्ष के विकास के साथ अधिगम में संलग्नता के लिए सक्रिय व नाटक आधारित माध्यम का इस्तेमाल किया जाता है।

DBP एक तरह से कई teaching tools का संगम है जहाँ dialogue, theatre, emage work and role work etc. मिलकर कक्षा के पाठ्यक्रम की पेशगी करते हैं।

American alliance of theatre and education (AATE) ने "Drama Based learning" Strategies (including - creative drama and drama in education) को परिभाषित किया जिसमें "प्रतिभागी कल्पना करते हैं और मानविय अनुभवों को किसी के नेतृत्व में रहकर विभिन्न भूमिकाओं के माध्यम से प्रतिबिंबित करते हैं।"

Drama Based Pedagogy के लिए कई ऐसी पद हैं, जैसे :-

- Creative drama
- Informal drama
- Creative play Acting
- Improvisational drama
- Educational drama

Scanned with CamScanner

Language Skills

Imagination

Creative Skill

leadership

Communication

problem Solving

Decision Making

Team-work

Roll playing

learning by doing

Scanned with CamScanner

- Role drama
- Process drama

DBP and Constructivism :-

निर्मितिवाद का सिद्धांत जिस प्रकार शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में शिक्षक के मार्गदर्शन के साथ विद्यार्थियों के द्वारा -
करके सीखने के सिद्धांत
स्वयं ज्ञान के रचयिता के सिद्धांत व
समूह अध्ययन के सिद्धांत
पर जोर देता है, उसपर Drama Based Pedagogy पूर्णतः खरी उतरती है और उपरोक्त वह महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का अनुसरण करती है।

DBP and Skills :-

Drama Based Pedagogy निम्न कौशलों के विकास में सहायक है :-

- भाषाई व सम्प्रेषण कौशल।
- समस्या समाधान व चिंतन शक्ति कौशल।
- निर्णय लेने की योग्यता।
- कल्पना शक्ति व रचनात्मक योग्यता का विकास।
- सहयोगात्मक कौशल।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Drama and Art Importance in Teaching - Learning

Drama and Art की अहमियत शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में निर्णायक है, जो "Child Centered education" की सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है और शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया को उद्देश्यपूर्ण व अर्थपूर्ण बनाती है। जैसे :-

(I) **संज्ञानात्मक विकास** :-
कला व नाटक के माध्यम से शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया से विद्यार्थियों में संज्ञानात्मक विकास होता है क्योंकि इनमें केवल विद्यार्थी पाठ्य-सामग्री को पढ़ते ही नहीं हैं, अपितु उन्हें कला के विभिन्न रूपों व नाटक के माध्यम से समझते हैं जो उनके संज्ञानात्मक विकास में सहायक है।

(II) **प्रत्यक्ष व स्थाई ज्ञान** :-
क्योंकि कला व नाटक सीधे तौर पर विद्यार्थियों की ज्ञानेन्द्रियों को प्रभावित करते हैं अतः प्रत्यक्षीकरण के माध्यम से सीखने का अवसर उन्हें प्राप्त होता है, इसीलिए उनमें ज्ञान स्थाई होता है।

(III) **प्रत्येक स्तर के लिए उपयोगी** :-
नाटक व कला का शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में प्रत्यक्षीकरण के रूप में भूमिका निभाने के कारण इसे प्राथमिक से उच्च स्तर तक इस्तेमाल किया जा सकता है, और साथ ही यह उपयोगी भी सिद्ध होता है।

Scanned with CamScanner

(IV) **आत्म विश्वास का संचयन :-** किसी पाठ, कहानी या लेख को नाटक के रूप में परिवर्तित कर उसके प्रदर्शन के द्वारा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का संचयन होता है।

(V) **करके सीखना पर आधारित :-** नाटक व कला पर आधारित शिक्षण-अधिगम करके सीखना के सिद्धांत का समर्थन करता है जिससे अधिगम स्थाई बनता है।

(VI) **रचनात्मक व चिंतन शक्ति का विकास :-** नाटक व कला के माध्यम से विद्यार्थियों में मौलिकता का विकास होता है जो उनमें रचनात्मक, व सृजनात्मक योग्यता का विकास करता है।

(VII) **भावात्मक विकास :-** नाटक व कला के माध्यम से कलाकार के भाव व विचार दर्शकों तक पहुँचते हैं जो दर्शकों / विद्यार्थियों में भावात्मक विकास को सुनिश्चित करता है।

(VIII) **मनोदैहिक रूप से सक्रियता :-** नाटक का प्रदर्शन करने वाले वाले विद्यार्थी शारीरिक व मानसिक रूप से अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय रहते हैं। और दर्शक विद्यार्थी भी मानसिक रूप से सक्रिय रहते हैं।

(IX) **मनोरंजन का माध्यम :-** कला व नाटक विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन का माध्यम बनकर उनके अधिगम को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है।

Scanned with CamScanner

Art & Drama in Different Subject's



Scanned with CamScanner

Assisgnment :

Date

Art and Drama in different Subject at School level

नाटक व कला एक ऐसे Stimulation है जो विद्यार्थियों व उनके अधिगम को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और एक अधिगम अनुकूल Child Centered environment तैयार करने में भूमिका निभाता है।

विद्यालयी स्तर पर विभिन्न विषयों के शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में कला व नाटक को Audio - Visual Aid अर्थात् सहायक सामग्री व प्रदर्शनात्मक विधि के रूप में देखा जा सकता है। जहाँ तक बात है नाटक की तो प्रदर्शनात्मक विधि का अनुसरण करते हुए शिक्षक अपने मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, भावात्मक व क्रियात्मक रूप से सक्रिय रखता है, जिससे विद्यार्थी उपविषय के प्रति तो एक अच्छी, स्पष्ट व स्थाई समझ बनाने में सफल तो हो ही पाते हैं साथ ही उनका सर्वांगीण विकास भी होता है।

नाटक व कला शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में एक मनोवैज्ञानिक विधि है।

At Secondary Level :-

माध्यमिक स्तर पर विभिन्न विषयों को कला व नाटक के माध्यम से पढ़ाने का प्रयास किया जाता है जैसे :-

Social Science :- सामाजिक विज्ञान एक ऐसा विषय है,

Scanned with CamScanner

जिसमें नाटक व कला का विस्तृत रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

- ★ इतिहास की दृष्टि से चित्रकला, ऐतिहासिक वास्तुकला, मूर्तिकला, मानचित्र, ऐतिहासिक स्थल, पुरातात्विक स्त्रोत व उनके रेखाचित्रों का इस्तेमाल कला के महत्व को प्रदर्शित करता है।
- ★ राजनीतिक विज्ञान के क्षेत्र में रेखाचित्र, मानचित्र, राजनीतिक इमारतों, राष्ट्रीय चिन्हों व उनके पाठ्यपुस्तक में चित्रों के रूप में कला की भूमिका है।
- ★ भूगोल की बात करें तो ग्लोब, मॉडल, भौगोलिक मैदानों के चित्र, नदियों के चित्र, मानचित्र आदि के रूप में कला का महत्व है।
- ★ शास्त्रिय संगीत व नृत्य की विडियो, ऑडियो व चित्र आदि प्राचीन संस्कृति के शिक्षण में सहायक है।

Language :- भाषा चाहे अंग्रेजी हो या हिंदी दोनों में ही गद्य, पद्य, कहानी, संवाद आदि जैसी साहित्यिक विधाएँ पढ़ाई जाती हैं और इन्हें नाटक के माध्यम से अधिक रुचिपूर्ण व प्रभावशाली ढंग से पढ़ाया जा सकता है।

Grammer :- व्याकरण शिक्षण में चार्ट, मॉडल, रेखाचित्रों की अहमियत सहायक सामग्री के रूप में बढ़ जाती है।

Science :- विज्ञान शिक्षण में प्रयोगात्मक विधि से दृश्य कला - चार्ट, मॉडल, व रेखाचित्रों के योगदान के साथ प्रदर्शनात्मक प्रयोगों का महत्व बढ़ जाता है।

Maths :- गणित के शिक्षण को चार्ट व रेखाचित्रों के सहारे से पढ़ाया जा सकता है। जो मुख्यतः सूत्रों को स्मरण रखने हेतु काम आते हैं।

Scanned with CamScanner

Assignment: Date

अतः कला का प्रयोग जहाँ सामाजिक विज्ञान के अधिकांश हिस्से में होता है वहीं भाषाई विषयों के क्षेत्र में कुछ साहित्यिक विधाएँ नाटक के माध्यम से तो कुछ चित्रों, रेखाचित्रों, चार्ट व मॉडल के माध्यम से पढ़ाई जा सकती है मगर गणित व विज्ञान विषयों में प्रयोग का जितना स्थान है संभवतः उतना कला व नाटक का नहीं है सूत्रों को रटने भर के लिए भले ही चार्ट का सहारा लिया जा सकता है अन्यथा प्रयोग ही गणित व विज्ञान विषयों के लिए लाभप्रद होते हैं।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Range of art Activity in Drama

Drama स्वयं कला के एक हिस्से के रूप में है जिसे Performing art में शामिल किया जाता है। वहीं दूसरे तरीके से देखा जाए तो Drama स्वयं अपने-आप में कई कौशलों व कलाओं को समेटे हुए है।

कहा जा सकता है कि नाटक आधारित शिक्षण-अधिगम कई कौशलों की माँग करता है, जो अपने आप में किसी कला से कम नहीं है।

(I) **Script** :-

Dramatist किसी लेख को इस प्रकार लिखना आवश्यक है कि उसे पढ़ने की बजाए अभिनीत किया जा सके। वाक्यों का आम भाषा के शब्दों से निर्माण किया जाए, जो त्रुटिरहित हो।

(II) **Dialogue** :-

Drama के पात्रों में संवादों को ज्यों लिखा त्यों अभिनीत करने की योग्यता व कला होना आवश्यक है।

(III) **Gesture and Posture** :-

Drama के पात्रों में अपने पात्र के व्यक्तित्व, परिस्थिति या व्यवहार आदि के अनुकूल हावभाव, अंग संचालन करने की कला होनी चाहिए। पात्रों के व्यक्तित्व को अपनाते हुए नाटक और भी यथार्थ प्रतीत होता है।

(IV) **Sangeet** :-

Drama में Background music और भी जीवंतता नाटक में भर देता है, साथ ही यह music

Scanned with CamScanner

किसी पात्र व परिस्थिति के अनुकूल होना चाहिए। जैसे Tragedy व Comedy के नाटक के Background music परस्पर एक दूसरे से भिन्न सुर, ध्वनि के होते है।

(V) **Architecture** :- किसी भी नाटक की प्रस्तुति दर्शकों की तुलना में ऊंचे मंच पर की जाती है। (ताकि सभी दर्शक उसका लुफ्त उठा सके) इस तरह का मंच कितना ऊंचा और कैसे बनाया जाए। या फिर कभी-कभी बड़े स्तर के नाटकों में पूरा सेट बनाया जाता है वह वास्तुकला के योग्यता की मांग करता है।

(VI) **Painting** :- Drama के मंच व सेट को यथार्थवाद के करीब लाने के लिए painting के माध्यम से (पर्दो पर या दीवार पर) Background तैयार किया जाता है।

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

Experiencing, Responding and Appreciating Drama

Experiencing Drama

Drama को Experience करने से तात्पर्य Drama के माध्यम से किए जाने वाले अधिगम से है।

शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में नाटक के द्वारा विद्यार्थी किसी अन्य पात्र के व्यक्तित्व व उसकी परिस्थितियों को जीता है, और उस Temporary life as Role playing के माध्यम से वह उस पात्र के जीवन व परिस्थितियों का अनुभव करता है।

इस प्रकार विद्यार्थी जीवन के कई व्यवहारिक पक्षों का अनुभव करने का अवसर Drama Based Teaching-Learning के माध्यम से प्राप्त कर पाता है जो संभवतः वह अपने वास्तविक जीवन में शायद अनुभव नहीं कर पाता।

Responding Drama

Responding Drama से तात्पर्य है कि Drama Based learning के तत्पश्चात विद्यार्थी ने जो भी अनुभव से सीखा उसपर उसकी क्या प्रतिक्रिया है अर्थात् जिस प्रकार शिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी के व्यवहार में परिवर्तन लाना है उसी प्रकार drama Based teaching-learning के विद्यार्थी के व्यवहार में क्या वांछित परिवर्तन व किस हद तक परिवर्तन आता है जो उसके व्यवहार में प्रत्यक्ष होता है उसे Responding drama



Scanned with CamScanner

चाहा जा सकता है।

Dramatist के द्वारा कोई ऐसा केंद्र बिंदु Drama के लिए तय किया जाता है जो परिवर्तन वह दर्शकों में देखना चाहता है और दर्शकों व पात्रों में वांछित व्यवहार परिवर्तन व प्रतिक्रिया ही उसके लिए Feedback का काम करता है।

Appreciating Drama

Drama Based teaching - learning process के outcomes के रूप में यदि वांछित व्यवहार परिवर्तन देखे जाते हैं तो निश्चित: इस तरह के शिक्षण को सराहा जाता है।

Drama Based teaching - learning में व्याप्त गुण समान:-

- रचनात्मकता
- प्रत्यक्षता
- मनोरंजक
- आकर्षक
- दृश्य + श्रव्य
- व्यावहारिक व भावात्मक पक्ष
- मानसिक विकास
- शारीरिक विकास
- सहयोगात्मकता
- विद्यार्थियों की सक्रियता

आदि होने के कारण आज के Child Centered education के लिए यह फायदेमंद सिद्ध होती है इसीलिए इस तरह की प्रदर्शनात्मक कला को शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में एक उत्तम विधि मानते हुए सराहा जा सकता है।

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

Exposure to Selective basic Skill Required for Drama

Drama Based teaching - learning process के लिए कुछ कौशलों का होना आवश्यक है जैसे :-

भाषाई कौशल :- नाटक लिखने के लिए नाटककार के लिए जिस प्रकार भाषाई कौशल का होना आवश्यक है अर्थात् लेखन कौशल का उसी प्रकार पात्रों के भाषाई कौशल में मौखिक कौशल पर पूरा अधिकार होना चाहिए।

संप्रेषण कौशल :- नाटककार व पात्रों दोनों का संप्रेषण कौशल उच्च कोटी का होना चाहिए। क्योंकि जब तक दर्शक नाटक के मूल भाव, विचार व संदेश ही ग्रहण नहीं कर पाएंगे तो नाटक की प्रसांगिकता पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा।

शारीरिक कुशलता :- पात्रों की भूमिका निभाने वाले विद्यार्थियों की शारीरिक कुशलता अर्थात् मांसपेशियों में सुडौलता होनी चाहिए ताकि पात्र की भूमिका अनुसार अंगों का संचालन किया जा सके।

समस्या समाधान कौशल :- Drama Based teaching-learning के लिए समस्या समाधान कौशल का होना आवश्यक है ताकि बिना किसी त्रुटि के सुगमता से नाटक व शिक्षण के उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सके।

Scanned with CamScanner

मौलिकता :- नाटक लिखने वाले नाटककार व अभिनीत करने वाले पात्रों में मौलिकता का होना बेहद आवश्यक है। क्योंकि कला के महत्वपूर्ण तत्वों में मौलिकता का स्थान महत्वपूर्ण है।

अभिनय :- नाटक अभिनय पर आधारित प्रदर्शनात्मक कला है। इसमें पात्रों का अभिनय कौशल उच्च होना चाहिए ताकि नाटक यथार्थ महसूस हो। और दर्शकों के लिए रुचिपूर्ण हो।

प्रस्तुतीकरण कौशल :- नाटक के प्रभावी प्रदर्शन के लिए प्रस्तुतीकरण कौशल का होना आवश्यक है कि, कि प्रकार नाटक को प्रदर्शित अथवा प्रस्तुत किया जाए कि दर्शकों को आकर्षित किया जा सके।

Scanned with CamScanner

Drama ; Facilitating interest among students Planning and implementing Activities

Drama Based teaching एक ऐसा "शिक्षा का विज्ञान" या शिक्षणशास्त्र है। जिसके तहत पहले योजना बनाई जाती है और फिर बाद में उस योजना को लागु किया जाता है

Planning to implementing

Pre Drama :-

Pre drama स्तर से तात्पर्य है कि ड्रामा से पूर्व उसे नियोजित किया जाता है कि :-

- ✩ विषय क्या होगा ?
- ✩ उद्देश्य क्या होंगे ?
- ✩ नाटक किस संदर्भ में होगा ?
- ✩ नाटक के पात्रों की संख्या ?
- ✩ नाटक का स्वरूप व संरचना क्या होगी ?
- ✩ सहायक सामग्री क्या होगी ?

आदि सवालों के जवाब नियोजित किए जाते हैं।

Drama :-

Pre drama Stage पर नियोजित संरचना के अनुसार ही पुरा ड्रामा अभिनीत व प्रस्तुत किया जाता है, ताकि पूर्व नियोजित ड्रामा के व शिक्षण के उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सके।

Scanned with CamScanner

Topic _____ Date _____

Post Drama :-

